आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 150 | उज्जैन, बुधवार 23 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी

### टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई। योजना अंतर्गत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं। पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपये में से वधू को राशि रूपये 49 हजार का एकाउन्ट पेयी चेक और शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदाय किया जायेगा।

## घरेलू स्टील उद्योग को राहत देने के लिए 12% सेफगार्ड ड्यूटी लागू, न्यूनतम CIF मूल्य से कम दर पर लाए जाएंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में तेजी से बढ़ते सस्ते इस्पात के आयात से घरेलू इस्पात उत्पादकों को राहत देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कुछ गैर-मिश्रधातु (नॉन-अलॉय) और मिश्रधातु (अलॉय) फ्लैट इस्पात उत्पादों पर 12 प्रतिशत की अस्थायी सेफगार्ड ड्यूटी (संरक्षण शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

इस कदम का उद्देश्य उन भारतीय उत्पादकों को तत्काल राहत देना है जो आयात के कारण बाजार में पैदा हो रहे असंतुलन से जूझ रहे हैं। स्टील मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय डायरेक्टर जनरल (ट्रेड रेमेडीज) की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है।

वित्त विभाग की अधिसूचना के अनुसार, यह सेफगार्ड ड्यूटी 12 प्रतिशत ऐड वेलोरम की दर से लगाई जाएगी और यह अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 200 दिनों तक प्रभावी रहेगी, जब तक कि इसे पहले रद्द, अधिस्थगित या संशोधित न किया जाए। सरकार ने पांच श्रेणियों के स्टील उत्पादों के लिए आयात मूल्य सीमा 675 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से 964 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के बीच तय की है। यदि इन उत्पादों का आयात इन कीमतों से कम दर पर किया जाता है, तो उन पर यह सेफगार्ड ड्यूटी लागू होगी।

## परिवार के साथ जयपुर पहुंचे जेडी वेंस, अंबर किले में हुआ भव्य स्वागत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने पूरे परिवार के साथ भारत के चार दिवसीय दौरे पर आए हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन है। जेडी वेंस आज अपनी पत्नी ऊषा वेंस और तीनों बच्चों के साथ जयपुर घूम रहे हैं। जेडी वेंस बीती रात रामबाग पैलेस में रुके थे। वहीं आज सुबह वो परिवार के साथ जयपुर के अंबर फोर्ट पहुंचे।

जयपुर के अंबर फोर्ट में जेडी वेंस के परिवार का भव्य स्वागत हुआ। राजस्थान के पारंपरिक डांस के साथ जेडी वेंस का वेलकम किया गया। जेडी वेंस के स्वागत में हाथियों को काफी खूबसूरती से सजाया गया था। अंबर किले में जेडी वेंस और उनके परिवार ने कच्ची घोड़ी, घूमर और कालबेलिया डांस का लुत्फ उठाया। बीते दिन जेडी वेंस ने नई दिल्ली में स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्री इम्पोरियम का दौरा किया था। इस दौरान शोरूम की जनरल मैनेजर मीना सोमानी ने एएनआई से बातचीत में कहा कि वेंस परिवार को यह जगह काफी पसंद आई। उन्होंने पॉटरी समेत ढेर सारी चीजें खरीदीं।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात, राज्य के कई कार्यक्रमों में आने के लिए किया आमंत्रित



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें संगीत के क्षेत्र में भारत रत्न डॉ भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के वर्ष भर चलने वाले समारोह के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री के साथ दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास पर 20 मिनट की मुलाकात में मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने मोदी को असम बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन करने और 5,700 करोड़ रुपये की गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना तथा दरंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखने के लिए भी आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री ने आगामी 8 सितंबर को होने वाले इन समारोहों में मुख्य अतिथि बनने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया।

बाद में माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने पोस्ट किया, आज नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री @narendramodi जी से मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। मुझे भारत रत्न डॉ भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के एक साल तक चलने वाले समारोह के उद्घाटन समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उन्हें असम आमंत्रित करने का सम्मान मिला। मैंने 49 केटीपीए इथेनॉल उत्पादन क्षमता वाले असम बायो-इथेनॉल प्लांट के उद्घाटन के लिए उनकी अनुग्रहपूर्ण उपस्थिति का अनुरोध करने का अवसर भी लिया, जिसमें फीडस्टॉक के रूप में 300 केटीपीए बांस का उपयोग किया जाएगा।

## इसरो ने फिर किया कमाल, दूसरी बार उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता




नई दिल्ली (एजेंसी)। इसरो ने उपग्रहों की दूसरी बार डॉकिंग कर फिर कमाल किया है। जहां दुनिया के अधिकतर देश एक बार भी डॉकिंग करने में सफल नहीं हो सके। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने स्पैडेक्स मिशन के तहत दूसरी बार डॉकिंग का प्रदर्शन कर साबित किया कि इस तकनीक में भारत को विशेषज्ञता हासिल हो गई है।

इसरो को मिली बड़ी कामयाबी- यह डॉकिंग तकनीक स्वदेशी रूप से विकसित की गई है और इसे भारतीय डॉकिंग सिस्टम नाम दिया गया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को इस उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई दी। भारत ने इससे पहले 16 जनवरी को दो उपग्रह चेजर और टारगेट को जोड़कर पहली बार डॉकिंग प्रक्रिया पूरी की थी औ यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया। भारत से पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ने डॉकिंग क्षमता प्रदर्शित की थी।

13 मार्च को अनडॉकिंग को प्रक्रिया रही सफल - भारत ने 13 मार्च को इसरो ने अनडॉकिंग को प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूरी की थी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। उन्होंने याद दिलाया कि पीएसएलवी-सी60/ स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) मिशन 30 दिसंबर, 2024 को लांच किया गया था।

## हिंदी बोलने का दबाव डालने वाले युवक ने कन्नड़ में मांगी माफी



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के आटो चालक को हिंदी में बोलने के लिए कहने वाले एक शख्स ने घटना के दूसरे दिन कन्नड़ में माफी मांगी। इसने भाषा पर बहस को एक बार फिर से हवा दे दी है।

प्रसारित हो रहे वीडियो में एक शख्स यह कहते नजर आ रहा है कि अगर यह बेंगलुरु है तो क्या हुआ, हिंदी बोलो। वह आटो चालक से कह रहा है कि नोएडा में रहो या बेंगलुरु में, हिंदी में बात करो। वहीं, आटो चालक कह रहा है कि तुम बेंगलुरु आए हो, कन्नड़ में बोलो।

# मेरे बच्चे उन्हें बहुत पसंद करते हैं, जेडी वेंस ने जमकर की पीएम मोदी की तारीफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति इस समय भारत की चार दिनों की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह सोमवार सुबह नई दिल्ली पहुंचे। अपने भारत दौरे के दूसरे दिन (मंगलवार) को वह जयपुर पहुंचे, जहां पर उन्होंने शिला देवी मंदिर में बाहर से ही दर्शन किया।

सोमवार को जेडी वेंस अपने परिवार के सास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। आज राजस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने बताया कि पीएम मोदी ने उन्होंने किन मुद्दों पर चर्चा की। वहीं, जेडी वेंस ने यह भी कहा कि पीएम मोदी लोकतांत्रिक दुनिया में सबसे लोकप्रिय है।

वेंस ने क्यों कहा मुझे उनसे ईर्ष्या होगी?

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जयपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब मेरा मानना है कि हमारे देशों के पास एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है, और इसीलिए हम आपके पास साझेदार के रूप में आते हैं, ताकि अपने संबंधों को मजबूत कर सकें।

उन्होंने कहा कि अब हम यहां यह उपदेश देने के लिए नहीं हैं कि आप किसी एक खास तरीके से काम करें। अतीत में अक्सर, वाशिंगटन ने प्रधानमंत्री मोदी से उपदेश देने के दृष्टिकोण से संपर्क किया। पूर्ववर्ती प्रशासनों ने भारत को कम लागत वाले श्रम के स्रोत के रूप में देखा।

एक ओर, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री की सरकार की आलोचना की, जो यकीनन लोकतांत्रिक दुनिया में सबसे लोकप्रिय है, और जैसा कि मैंने कल रात प्रधानमंत्री मोदी से कहा, उन्हें ऐसी रेटिंग मिली है जिससे मुझे ईर्ष्या होगी।

जयपुर में जेडी वेंस ने कहा कि आपकी तरह, हम भी अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपने धर्म की सराहना करना चाहते हैं, हम व्यापार करना चाहते हैं और अपने दोस्तों के साथ अच्छे सौदे करना चाहते हैं। हम भविष्य के लिए अपनी दृष्टि को अपनी विरासत की गौरवपूर्ण पहचान पर आधारित करना चाहते हैं, न कि आत्म-घृणा और भय पर।

# भाषा से लेकर, केमिस्ट्री... विदेशी जुड़वां बहनों की अद्भुत कहानी ने जीता लोगों का दिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया से जुड़वां बहनों का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है। दोनों बहनें बंदूकधारी के साथ अपने भयावह मुठभेड़ को साझा करने के बाद वायरल हो रही हैं। यह सिर्फ उनसे जुड़ी उनकी भयावह कहानी नहीं है, बल्कि एकदम सही तालमेल में बोलने की अद्भुत क्षमता है।

ये दोनों बहनें क्वींसलैंड की हैं, साथ ही ये अपनी आकर्षक समानता के लिए जानी जाती हैं। ये पहले भी कई बार सुर्खियां बटोर चुकी हैं। वहीं उनके लेटेस्ट इंटरव्यू ने उनके भाषण से कई लोगों को हैरान कर दिया है। समान जुड़वां बहने ब्रिजेट और पाउला पॉवर्स ने 7 न्यूज़ के साथ साक्षात्कार में घटना का अपना भयावह विवरण साझा किया।

जुड़वां बहनों ने सुनाई अद्भुत कहानी- जुड़वां बहनों ने एक कथित कार चोर से भागने की कहानी सुनाई, जो हाथ में बंदूक लेकर एसयूवी से निकला था।

उन्होंने एक समान शब्दों, लहजों और लय का इस्तेमाल करते हुए एकदम एक सुर में अपनी कहानी सुनाई है। उनका आपस में तालमेल बहुत बढ़िया था, दोनों मानो एक ही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हो

उनके इंटरव्यू ने लोगों का दिल जीत लिया है, कई लोगों ने जुड़वां बच्चों की प्यारी केमिस्ट्री और सहज तालमेल की प्रशंसा की है।

लोगों ने दिए ऐसे रिएक्शन- एक यूजर ने लिखा, अब तक का सबसे बढ़िया समाचार इंटरव्यू। इस क्लिप में 20 सेकंड में जो कुछ भी होता है, उसके लिए कोई भी आपको तैयार नहीं कर सकता। दूसरे ने टिप्पणी की, मैं रिपोर्टर से प्रभावित हूं कि वह बिना हंसे उनका इंटरव्यू कर पाया।

तीसरे ने कहा, यह बहुत ही आश्चर्यजनक है! मैं उनके बोलने के दौरान दिमाग में क्या चल रहा है, इसका एक वीडियो देखना पसंद करूंगा।

जैसे कि मुझे आश्चर्य है कि क्या प्रत्येक जुड़वां आंतरिक रूप से दूसरे की आवाज़ को अपनी आवाज के रूप में संसाधित करता है।

चौथे ने कहा, वे लंबे समय से एक साथ बात करने (और एक-दूसरे के भाषण पर भरोसा करने) के आदी हैं, यह आश्चर्यजनक है कि वे एक-दूसरे से कैसे जुड़ते हैं।

# अब होगा नए पोप का चुनाव, 4 भारतीय चयन प्रक्रिया में लेंगे हिस्सा; क्या है इसका पूरा प्रोसेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी पोप फ्रांसिस का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पोप 88 वर्ष के थे और इस वर्ष डबल निमोनिया के चलते 38 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे।

पोप की मृत्यु के बाद, वेटिकन में नौ दिवसीय शोक मनाया जा रहा है, जिसे नोवेन्डियाल के नाम से जाना जाता है, जो एक प्राचीन रोमन परंपरा है जो आज भी जारी है। इस दौरान, अगले पोप के चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।



अब होगा नए पोप का चयन- शोक अवधि के बाद, कार्डिनल्स को अगले पादरी का चुनाव करने के लिए सम्मेलन में बुलाया जाएगा। वर्तमान में पापल सम्मेलन में मतदान करने के लिए पात्र 135 कार्डिनल्स में से चार भारत से हैं।

ये चार भारतीय चयन प्रक्रिया में लेंगे हिस्सा- कार्डिनल फिलिप नेरी फेराओ (72)- गोवा एवं दमन के मेट्रोपालिटन आर्कबिशप।

कार्डिनल बेसलिओज क्लीमिज (65)- मेजर आर्कबिशप आफ त्रिवेंद्रम आफ सीरो-मलंकारा।

कार्डिनल एंथोनी पूला (63)- हैदराबाद के मेट्रोपालिटन आर्कबिशप।

कार्डिनल जार्ज जैकब कूवाकड (51)- केरल। कैसे होगा नए पोप का चुनाव- नोवेन्डिएली के दौरान अगले पोप के चुनाव के लिए बैठक में प्रमुख पादरी (कार्डिनल) रोम पहुंचते हैं। पोप की गद्दी खाली होने के बाद यह बैठक 15-20 दिन के भीतर जरूर हो जानी चाहिए।

## चीन ने उड़ाया ट्रंप के टैरिफ का मजाक, जेडी वेंस के किसान वाले बयान पर दिया जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन और अमेरिका के बीच ट्रेड वॉर चल रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है, लेकिन इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रंप ने चीन पर 125% का टैरिफ लगाया है। इसके बावजूद चीन पूरी तरह से बेफिक्र है।

चीन के एक अधिकारी ने ट्रंप के टैरिफ का मजाक बनाया है। साथ ही उन्होंने जेडी वेंस के किसान वाले बयान पर भी पलटवार किया है।

जेडी वेंस का बयान- दरअसल फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में जेडी वेंस ने कहा था कि हम चीन के किसानों से पैसे उधार लेते हैं और फिर उन्हीं पैसों से चीनी किसानों द्वारा बनाई गई चीजें खरीदते हैं। चीन के किसानों पर दिया जेडी वेंस का यह वीडियो काफी वायरल हुआ था। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी इस बयान की आलोचना की थी।

चीन ने किया पलटवार- जेडी वेंस के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन के एक उच्च अधिकारी ने कहा कि पिछले हफ्ते डोनाल्ड ट्रंप ने शर्मसार करने वाली टैरिफ वॉर छेड़ी थी। उनका यह दांव उन्हीं पर उलटा पड़ेगा, जिससे अमेरिका के सारे किसान भी कराह उठेंगे।

## नाटो से यूक्रेन को दूर रखने पर ट्रंप-रूस की बनती बात, शांति समझौते के संकेत



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता की संभावना को खारिज करने से उसे संतोष मिला है। लेकिन रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की है जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में इसी सप्ताह शांति समझौता हो सकता है।

ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि वह अपनी पहचान शांति दूत के रूप में बनाना चाहते हैं। इसीलिए वह यूक्रेन में तीन वर्ष से चल रहे खूनखराबे को रुकवाना चाहते हैं, इससे अमेरिका और रूस के बीच चल रहे छद्म युद्ध पर भी रोक लगेगी। रविवार को अमेरिकी दूत जनरल कीथ केलोग ने कहा कि नाटो गठबंधन में यूक्रेन को सदस्य बनाने का कोई प्रस्ताव विचारणीय नहीं है। इस बारे में ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि इस तरह के प्रस्ताव को अमेरिका का समर्थन बड़े युद्ध का कारण बन सकता है।

नाटो पर रूस की राय और हमला- गौरतलब है कि नाटो अमेरिका के नेतृत्व वाला सैन्य संगठन है।

## अमेरिकाः ऑरलैंडो एयरपोर्ट पर डेल्टा विमान में लगी आग, इमरजेंसी स्लाइड्स से बाहर निकाले गए यात्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के ऑरलैंडो अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई। हालांकि समय रहते आग के बारे में जानकारी मिलने पर विमान में सवार 282 यात्रियों को बचाया गया। यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये विमान से बाहर निकाला गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार (स्थानीय समय) को ऑरलैंडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डेल्टा एयर लाइंस के एक विमान में आग लग गई, जिसके बाद यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइड्स के जरिए बाहर निकालना पड़ा।

ऐसे शुरू हुई घटना की जांच- बताया जा रहा है अटलांटा जाने वाली फ्लाइट रनवे के लिए रवाना ही हुई थी कि तभी दो इंजनों में से एक में आग लग गई। एफएए ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

विमान में 282 यात्री सवार - रिपोर्ट के अनुसार, विमान में 282 यात्री सवार थे, अच्छी बात ये है कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। एयरलाइन ने कहा, जब विमान के दो इंजनों में से एक के टेलपाइप में आग की लपटें देखी गईं, तो डेल्टा फ्लाइट क्रू ने यात्री केबिन को खाली करने के लिए प्रक्रियाओं का पालन किया।

यात्रियों ने किया एक-दूसरे का सहयोग- एयरलाइन ने कहा कि हम अपने यात्रियों के सहयोग की सराहना करते हैं और इस अनुभव के लिए खेद व्यक्त करते हैं। सुरक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है, और डेल्टा की टीमें हमारे ग्राहकों को जल्द से जल्द उनके अंतिम डेस्टिनेशन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगी।

## हजारों फीट की ऊंचाई पर... PM मोदी का ग्रैंड वेलकम; सऊदी अरब एयरस्पेस पहुंचते ही F-15 फाइटर प्लेन ने किया एस्कॉर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन की यात्रा पर सऊदी अरब गए हैं। इस बीच पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम देखा गया। आज जैसे ही पीएम का विमान सऊदी अरब के एयरबेस में एंटर किया, तभी एक इशारे पर मोदी का ग्रैंड वेलकम हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि एक विशेष इशारे के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान की सुरक्षा सऊदी अरब के एफ-15 जेट विमानों ने की, जब उनका विशेष विमान मंगलवार को खाड़ी देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया।

रक्षा सहयोग को मजबूत करने का इशारा- विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मोदी के विमान की सुरक्षा करते सऊदी जेट विमानों का एक वीडियो भी जारी किया।

इस इशारे को दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के तौर पर देखा जा रहा है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और सऊदी अरब का क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करने में स्वाभाविक हित है और दोनों देशों के बीच बढ़ता रक्षा और सुरक्षा सहयोग गहरे आपसी विश्वास को दर्शाता है।

## ट्रंप से दो-दो हाथ की तैयारी में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अब अमेरिकी सरकार पर ही कर दिया केस; क्या है मामला?




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से सत्ता संभाली है, वो लगातार एक्शन मोड में हैं। ट्रंप ने कई अहम फैसलों के साथ सरकार के वित्तीय बोझ को कम करने का काम किया है। अब इसी तरह ट्रंप सरकार ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की अरबों डॉलर की फंडिंग रोक दी है। अमेरिकी सरकार के इस फैसले का हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने कड़ा विरोध जताया है और उसके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा कर दिया है।

ट्रंप सरकार के खिलाफ कोर्ट पहुंची यूनिवर्सिटी- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रंप के इस फैसले को असंवैधानिक और अवैध करार देने की मांग करते हुए बोस्टन संघीय न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। विश्वविद्यालय ने अनुदान में 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की संघीय मदद रोकने को उसकी स्वतंत्रता पर चोट बताई है।

ट्रंप ने रोकी है 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग- हार्वर्ड ने सोमवार को घोषणा की कि उसने अनुदान में 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की फंडिंग को रोकने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, क्योंकि संस्थान ने कहा था कि वह परिसर में सक्रियता को सीमित करने की ट्रंप प्रशासन की मांगों को नहीं मानेगा।

# न संसद न सुप्रीम कोर्ट, सर्वोच्च तो केवल...; उपराष्ट्रपति धनखड़ के बयान पर कपिल सिब्बल का पलटवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की न्यायापलिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्रों को लेकर सियासी बयानबाजी जारी है। मंगलवार को जगदीप धनखड़ ने कहा कि संविधान की मूल भावना के 'अंतिम स्वामी' चुने हुए जनप्रतिनिधि होते हैं और संसद से ऊपर कोई भी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई भी संवैधानिक पदाधिकारी जब कुछ कहता है, तो वह बात देश के सर्वोच्च हित को ध्यान में रखकर कही जाती है।

धनखड़ के बयान पर सिब्बल का पलटवार- धनखड़ के बयान पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा, ÷कानून÷ न तो संसद सर्वोच्च है और न ही कार्यपालिका। संविधान सर्वोच्च है। संविधान के प्रावधानों की व्याख्या सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जाती है। इस देश ने अब तक कानून को इसी तरह समझा है। हालांकि, कपिल सिब्बल ने अपने पोस्ट में उपराष्टपति का नाम नहीं लिया।

## बम से उड़ा देंगे, गुवाहाटी हाईकोर्ट को आया धमकी भरा ईमेल; मची अफरा-तफरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के गुवाहाटी हाई कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारियों ने बताया कि कोर्ट को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी, लेकिन बाद में पता चला कि यह एक अफवाह थी। गुवाहाटी शहर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धमकी एक गुमनाम अकाउंट से ई-मेल के जरिए मिली थी।

धमकी के बाद सुरक्षाकर्मी हाई कोर्ट पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए आगे कहा, यह बम की अफवाह है। धमकी ई-मेल के जरिए मिली थी।

इस शहर के एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी- अधिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। इससे पहले 18 अप्रैल को कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर दोपहर में बम की धमकी वाली कॉल आई थी, जो फर्जी निकली और कॉल करने वाले को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया गया, पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की।

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने बताया, दोपहर करीब 12÷30 बजे सीआईएसएफ से एक अज्ञात कॉलर ने संपर्क किया और बताया कि 72 सीटों वाले विमान (चकेरी एयरपोर्ट पर) में बम रखा गया है।

## इस संस्था पर तो हर दिन हमला हो रहा, लेकिन..., SC को लेकर टिप्पणी पर क्या बोले जस्टिस सूर्यकांत?



विधेयकों को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के बाद शुरू हुए कटाक्षों के मामले पर कहा है। कर्नाटक में न्यायालय की अवमानना के एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ऐसा कहा।

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही को लेकर हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने टिप्पणी की थी। इसी बीच आज (मंगलवार) उपराष्टपति धनखड़ ने कहा कि संसद ही सुप्रीम है। उसके ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं है।

इसी बीच सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि संस्थान (सुप्रीम कोर्ट) पर हर दिन हमले होते रहते हैं। हमें इसकी चिंता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने राष्टपति और राज्यपालों के लिए

उपराष्टपति ने SC को लेकर क्या कहा था- हाल ही में धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 142 से मिली शक्ति को न्यूक्लियर मिसाइल करार दिया था। धनखड़ ने कोर्ट को लेकर कहा था, हम ऐसी स्थिति नहीं ला सकते, जहां राष्टपति को निर्देश दिया जाए। संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट का अधिकार केवल अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है।

## मेरे बेटे को न्याय दो IAF ऑफिसर पर हमला करने वाले शख्स की मां ने लगाई गुहार, क्यों दर्ज करवाई FIR?



नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक IAF ऑफिसर का वीडियो वायरल हो रहा था। इस वीडियो में IAF अफसर ने कुछ लोगों पर गंभीर मारपीट का आरोप लगाया था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, अब उसी आरोपी ने IAF ऑफिसर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी है।

IAF ऑफिसर ने लगाया था आरोप- भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस ने बेंगलुरु से सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए कहा था कि वो अपनी पत्नी के साथ एयरपोर्ट जा रहे थे। तभी बाइक पर सवार अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी को जबरन रुकवाया। आरोपी कन्नड़ में बात कर रहे थे। उन्होंने शिलादित्य पर हमला किया और लगातार गालियां देते रहे। शिलादित्य के बयान पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी।

मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी विकास कुमार को हिरासत में ले लिया। विकास कुमार बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर कंपनी के कॉल सेंटर में टीम हेड हैं। विकास का कहना है कि दोनों ने एक-दूसरे पर हमला किया था। हालांकि, वीडियो में खुद को बेगुनाह दिखाने के लिए IAF ऑफिसर ने सिर्फ एक तरफा पक्ष रखा। विकास के अनुसार, उसकी शिलादित्य से किसी बात पर बहस हो गई थी। ऐसे में शिलादित्य ने विकास को मारना शुरू कर दिया। शिलादित्य की पत्नी ने भी उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी।

विकास की मां ने लगाई न्याय की गुहार- अब विकास ने बेंगलुरु के भारतीय न्याय संहिता के तहत बैयापन्नाहल्ली पुलिस स्टेशन में शिलादित्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। विकास की मां ज्योति ने भी वीडियो जारी करते हुए बेटे के लिए न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा कि सारा दोष मेरे बेटे पर डाल देना पूरी तरह से गलत है। सेना में अधिकारी होने के बावजूद उन्होंने मेरे बेटे को डराया धमकाया, मारा और उसकी बाइक भी डैमेज कर दी।

## मां अक्सर धमकी देती थी... बहन को है अवसाद, कर्नाटक के पूर्व डीजीपी हत्याकांड में बेटे ने किए कई खुलासे



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। इस मर्डर केस में पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश गुप्ता की पत्नी पल्लवी ने चाकू मारने से पहले उनके चेहरे पर लाल मिर्ची पाउडर फेंका था। जलन से बेचैन होने पर पल्लवी ने उन पर धारदार चाकू से कई वार किए।

पूर्व डीजीपी की मौके पर ही मौत हो गई थी- इससे लहूलुहान पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के आरोप में उनकी 64 वर्षीय पत्नी पल्लवी ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। उसे मजिस्ट्रेटी अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में आगे की जांच अब बेंगलुरु के सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) को सौंप दी गई है।

बेटे कार्तिकेश ने की शिकायत - पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई उनके बेटे कार्तिकेश द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई है।

ओम प्रकाश के बेटे कार्तिकेश ने बताया कि रविवार की घटना के बाद उन्होंने पुलिस में अपनी मां और बहन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने कहा कि मेरी मां पल्लवी और मेरी बहन कृति अक्सर मेरे पिता के साथ झगड़ती थीं।

मां के बारे में खोले राज- बेटे कार्तिकेश ने आगे कहा कि मां पल्लवी पिता को कुछ समय से जान से मारने की धमकी दे रही थी। इसकी वजह से उनके पिता अपनी बहन सरिता कुमारी यानी मेरी बुआ के घर रहने चले गए थे।

बहन कृति दो दिन पहले ही पिता पर दबाव बनाकर उन्हें वापस घर ले आई थी।

बेटे ने ये भी बताया कि मां सीजोफ्रेनिया की मरीज हैं और दवाएं लेती है जबकि बहन कृति अवसाद की शिकार है।

कार्तिकेश ने बताया कि उन्हें उनके पिता की हत्या के बारे में 20 अप्रैल को शाम पांच बजे पड़ोसी श्रीधरन के फोन काल से पता चला जब वह डोमलुर क्षेत्र में स्थित कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन में थे।

जब वह शाम पौने छह बजे घर पहुंचे तो उनके पिता का शव जमीन पर खून में सना पड़ा था। उनके पास एक चाकू और टूटी हुई बोतल भी पड़े हुए थे। तब तक पुलिस और दूसरे लोग भी वहां आ गए थे।

## संसद ही सर्वोच्च, इससे ऊपर कोई नहीं..., निशिकांत दुबे विवाद के बीच जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी के बीच उपराष्टपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान सामने आया है। उपराष्टपति ने संविधान में निर्धारित भारतीय सरकार के ढांचे के भीतर न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र पर एक बार फिर सवाल उठाया है।

सांसद ही संविधान के अंतिम मालिक- जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद सर्वोच्च है और सांसद ही संविधान के अंतिम मालिक है। उनसे ऊपर कोई प्राधिकारी नहीं हो सकता।

दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक प्रधानमंत्री जिसने आपातकाल लगाया था, उसे 1977 में जवाबदेह ठहराया गया था। इसलिए, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि संविधान लोगों के लिए है और यह इसकी सुरक्षा का भंडार है।

सुप्रीम कोर्ट पर उठाए थे सवाल- बता दें कि उपराष्टपति जगदीप धनखड़ पहले भी सुप्रीम कोर्ट पर सवाल खड़े किए थे। दरअसल, तमिलनाडु विधानसभा से पारित कई विधेयकों के राज्यपाल के पास लंबित होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उपराष्टपति धनखड़ ने सवाल खड़े किए थे।

धनखड़ ने कहा था कि अब सुप्रीम कोर्ट देश के राष्टपति को आदेश दे रहा है, इससे बुरा क्या होगा। उन्होंने कहा था कि अदालत ने फैसला सुनाया है कि अगर बिल पर राष्टपति ने तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया तो विधेयकों को अपने आप लागू माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि संसद को अदालत ही चलाना चाहती है।

वहीं, उपराष्टपति ने संविधान के आर्टिकल 142 का जिक्र करते हुए कहा था कि इसके तहत अदालत के हाथ परमाणु लग गया है। दरअसल, इस आर्टिकल के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट जनहित में कोई भी फैसला ले सकता है, जो पूरे देश पर लागू होता है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण


मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्**
**सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।**

विक्रम संवत 2079 कृष्ण दशमी

## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर दुनियां में हर देश ने तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी...



वैश्विक स्तरपर दुनियां में हर देश ने तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी,विकास से बढ़ते डिजिटाइजेशन ने शारीरिक श्रम को विशाल स्तरपर कम कर मानसिक श्रम को बढ़ा दिया है जिसमें अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्स और वेबों ईद का जवाब पत्थर से देने का काम कर दिया है जिसमें माननीय जीव का ध्यान भटक सा गया है और अपने ही उलझन में उलझते हुए गुम सा हो गया है। दूसरी ओर बढ़ते मानवीय विवादों वह बढ़ाती अपनीं ख्वाहिशें,लग्जरी जिंदगी झूठी शान को दिखाने के चक्कर में बड़बोलापन शब्दों बयानों वाक्यों के गिरते स्तर तथा परिवार में बढ़ते विवादों की खाई को और चौड़ा करते जा रहे हैं, जहां अब समय आ गया है कि अब आदि-अनादि काल से हमारे बड़े बुजुर्गों के उपरोक्त हानियों में गुणकारी टॉनिक मौन एकाग्रता को अपनाएं जो हमारे जीवन की सफलता का सच्चा सूत्र है। चूंकि मन एकाग्रता से विवेक जागृत होता है,जिसमें निर्णायक क्षमता सर्वोत्तम होती है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मन एकाग्रता से क्रोध का दामन, आत्मिक बल, निर्मल बुद्धि, समस्याओं का समाधान व मस्तिष्क में एकाग्रता होने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता के लाभों की करें तो, मौन रहने में बड़ी ताकत है, रह कर देखें तब हमको इसके फायदों के बारे में ज्ञान होगा। मौन रहने के फायदे इस प्रकार है- (1)सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन रहने की सलाह दी जाती है।(2)मन को शांति मिलती है और शक्ति बढ़ती है।(3)मौन से आंतरिक और मानसिक शक्ति मिलती है।(4)इससे व्यक्ति लंबे समय तक तनाव रहित बना रहता है।(5)मौन रहने से क्रोध मिटता है।(6)मौन की शक्ति बड़े से बड़े अहंकार को धूल में मिला देती है (7) स्मरण शक्ति और सोचने की शक्ति बढ़ती है।(8)नई मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है और बड़े संघर्ष शुन्य हो जाते हैं।(9)इस उपाय से मन की चंचलता को नष्ट किया जा सकता है।(10)घरेलू लड़ाई-झगड़े बिल्कुल खत्म हो जाते हैं और अपने आप पर काबू पाने की शक्ति बढ़ती है।मौन रहने के क्या लाभ होते हैं ?कहते हैं कि जो समझदार होता है, वह कम बोलता है और कई बार मौन रहकर भी वह संवाद साध लेता है। अनुभव बताता है कि मौन कई बार बहुत बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। इसके विपरीत अगर कोई आदत से मजबूर होकर एक के बदले दस जवाब देता है और कहता है कि मैं चुप क्यों रहूं, किसी से दबकर क्यों रहूं? तो वह बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है।मौन की अपनी, अनुपम अभिव्यक्ति होती है, जो किसी भाषा की मोहताज नहीं होती।अक्सर लोग वाणी के विराम को ही मौन समझते हैं। लेकिन किसी व्यक्ति के मन में संकल्पों की उथल-पुथल हो रही हो, किसी अन्य व्यक्ति के प्रति उसके मन में द्वेष भावना का ज्वार-भाटा उठ रहा हो, या उसके भीतर कोई और वासना धधक रही हो, तो क्या यह मौन कहा जाएगा? कहते हैं कि पानी-सा रंगहीन नहीं होता मौन, आवाज की तरह इसके भी हजार रंग होते हैं। मन और वाणी, दोनों का शांत होना ही पूर्ण मौन कहा जाता है। मुख के मौन को बाह्य मौन कहा जाता है तथा मन का मौन अंतः मौन। एक कहावत है कि मीठा बोलना जितना सुखकारी है, उतना ही कम बोलना भी लाभकारी है। पर हमें यह समझ भी होनी चाहिए की जहां मौन रहना चाहिए, वहां बोलकर अपने लिए झमेला कभी खड़ा नहीं करना है।मौन हमारे मस्तिष्क के सभी स्नायुओं और इंद्रियों को संयमित रखता है। चुप रहने से वाणी और वाणी के साथ खर्च होने वाली मस्तिष्क की शक्ति संचित होती है। तभी तो कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने मुख और जबान पर संयम रखता है, वह अपनी आत्मा को कई संतापों से बचाता है। मौन में रहकर ही हम जीवन जगत के गूढ़ और सत्य पहलुओं का साक्षात्कार कर सकते हैं। जिस उत्तम धारणा से इतने लाभ प्राप्त होते हों, तो क्यों न हम उसको अपने जीवन का अंग बना लें?

# बाबू कुंवर सिंह




बाबू कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सैनिकों में से एक थे। इनके चरित्र की सबसे बड़ी ख़ासियत यही थी कि इन्हें वीरता से परिपूर्ण कार्यों को करना ही रास आता था। इतिहास प्रसिद्ध 1857 की क्रांति में भी इन्होंने सम्मिलित होकर अपनी शौर्यता का प्रदर्शन किया। बाबू कुंवर सिंह ने रीवा के ज़मींदारों को एकत्र किया और उन्हें अंग्रेज़ों से युद्ध के लिए तैयार किया। तात्या टोपे से भी इनका सम्पर्क था।

### परिचय

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध नायक बाबू कुंवर सिंह के आरम्भिक जीवन के सम्बन्ध में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। सम्भवतः उनका जन्म 1777 ई. में बिहार में हुआ था। उन्हें बचपन से ही शिक्षा से अधिक शौर्य-युक्त कार्यों में रुचि थी। बिहार के शाहाबाद में उनकी एक छोटी रियासत थी। उन पर जब कर्ज़ बढ़ गया तो अंग्रेज़ों ने रियासत का प्रबन्ध अपने हाथों में ले लिया। उनका एजेंट लगान वसूल करता, सरकारी रकम चुकाता और रकम से किस्तों में रियासत का कर्ज़ उतारा जाता।

### अंग्रेज़ों की चालाकी

इस अवस्था से बाबू कुंवर सिंह असंतुष्ट थे। इसी समय 1857 की क्रान्ति आरम्भ हो गई और कुंवर सिंह को अपना विरोध प्रकट करने का अवसर मिल गया। 25 जुलाई, 1857 को जब क्रान्तिकारी दीनापुर से आरा की ओर बढ़े तो बाबू कुंवर सिंह उनमें सम्मिलित हो गए। उनके विचारों का अनुमान अंग्रेज़ों को पहले ही हो गया था। इसीलिए कमिश्नर ने उन्हें पटना बुलाया था कि उन्हें गिरफ़्तार कर लिया जाये। पर अंग्रेज़ों की चालाकी समझकर कुंवर सिंह बीमारी का बहाना बनाकर वहाँ नहीं गए।

### शौर्य प्रदर्शन

आरा में आन्दोलन की कमान कुंवर सिंह ने संभाल ली और जगदीशपुर में विदेशी सेना से मोर्चा लेकर सहसराम और रोहतास में विद्रोह अग्नि प्रज्ज्वलित की। उसके बाद वे 500 सैनिकों के साथ रीवा पहुँचे और वहाँ के ज़मींदारों को अंग्रेज़ों से युद्ध के लिए तैयार किया। वहाँ से बांदा होते हुए कालपी और फिर



उनका सम्पर्क हो चुका था। कानपुर की अंग्रेज़ सेना पर आक्रमण करने के बाद वे आजमगढ़ गये और वहाँ के सरकारी ख़ज़ाने पर अधिकार कर छापामार शैली में युद्ध जारी रखा। यहाँ भी अंग्रेज़ी सेना को पीछे हटना पड़ा।

### निधन

इस समय बाबू कुंवर सिंह की उम्र 80 वर्ष की हो चली थी। वे अब जगदीशपुर वापस आना चाहते थे। नदी पार करते समय अंग्रेज़ों की एक गोली उनकी ढाल को छेदकर बाएं हाथ की कलाई में लग गई थी। उन्होंने अपनी तलवार से कलाई काटकर नदी में प्रवाहित कर दी। वे अपनी सेना के साथ जंगलों की ओर चले गए और अंग्रेज़ी सेना को पराजित करके 23 अप्रैल, 1858 को जगदीशपुर पहुँचे। लोगों ने उनको सिंहासन पर बैठाया और राजा घोषित किया। परन्तु कटे हाथ में सेप्टिक हो जाने के कारण 1857 की क्रान्ति के इस महान् नायक ने 26 अप्रैल, 1858 को अपने जीवन की इहलीला को विराम दे दिया।

# 10 सालों में कितना बढ़ा है सोने का दाम, क्या है इजाफा होने का कारण?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने का दाम 98 हजार के पार पहुंच चुका है। वहीं 3 फीसदी टैक्स या जीएसटी लगाकर सोने का दाम 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। अभी तक (दोपहर 3.03 बजे) 24 कैरेट सोने की कीमत 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर रिकॉर्ड हाई बनाया है।

पिछले कुछ दिनों से सोने के दाम में लगातार इजाफा हुआ है। कल यानी 21 अप्रैल को 24 कैरेट सोने का भाव 96,000 प्रति 10 ग्राम के आसपास चल रहा था। कल से लेकर अब तक एमसीएक्स पर सोने के भाव में लगभग 2000 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त दर्ज की गई है।

वहीं पिछले साल दिसंबर 2024 से अब तक सोने के भाव में 20 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सोने के दाम में हर साल हजारों रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। भारत में सोना सिर्फ निवेश का जरिया नहीं है, बल्कि इससे लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती है।

इस आर्टिकल के माध्यम से जानेंगे कि एक दशक के दौरान सोने के दाम में कितना अंतर आया है।

एक दशक में कितना पहुंचा सोने का भाव- अगर 2015 की बात की जाए तो उस समय 24 कैरेट सोने का भाव 26,343 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा था। हालांकि आज 10 सालों बाद सोने का दाम 1 लाख रुपये पहुंच चुका है। जो साफ तौर पर बढ़ती महंगाई को दर्शाता है।

2015 से 2020 तक ही बात करें तो इन 5 सालों में सोने के दाम में 23,798 रुपये का इजाफा हुआ है। इसके साथ ही पिछले 5 सालों की ही तुलना की जाए तो 2020 से अब तक 48,409 रुपये की बढ़ोतरी आई है।

वहीं पिछले एक दशक में यानी 2015 से 2025 अब तक सोने का भाव 71,657 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ा है।

अभी क्यों बढ़ रहे हैं सोने के दाम- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ में अभी रोक लगाई हैं। टैरिफ का अर्थ हुआ कि अब अमेरिका में निर्यात करने के लिए भारत को टैरिफ के रूप में टैक्स देना होगा। हालांकि अभी इसमें 90 दिन की रोक लगाई गई है। इस रोक में चीन शामिल नहीं है। जिसके चलते चीन और अमेरिका के बीच चिंताएं बढ़ने लगी है।

## कम से कम ब्याज पर कैसे पाएं पर्सनल लोन, यहां देखें इससे जुड़ी सभी जानकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अन्य सभी लोन में से पर्सनल लोन मिलना आसान होता है। कोई भी लोन लेने से पहले उसके बारे जांच करना काफी जरूरी है। ताकि भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। आज हम जानेंगे कि आप पर्सनल लोन की ईएमआई और ब्याज दर को कम से कम कैसे कर सकते हैं।

अगर लोन कम ब्याज दर पर मिला, तो इसे ईएमआई भी कम हो जाएगी। वहीं आप इसे जल्द से जल्द चुका पाएंगे।

कैसे करें ब्याज कम से कम- सबसे पहले आपको ये तय करना होगा कि किन खर्चों के चलते आपको पर्सनल लोन की जरूरत पड़ी है। आमतौर पर लोग घर की मरम्मत, शादी जैसे खर्चों के लिए पर्सनल लोन लेते हैं। अगर खर्चा ज्यादा बड़ा ना हो, तो लोन लेना टाल दें।

इसके बाद ये देखें कि आपको कितने रुपये की आवश्यकता है। मान लीजिए आपको 5 लाख रुपये चाहिए। वहीं एक लाख रुपये आप पास सेविंग में रखें हुए हो। तो केवल 4 लाख रुपये का ही पर्सनल लोन लें। ये ध्यान रखें कि आपके खर्चों का प्रभाव इमरजेंसी फंड पर ना पड़ें।

क्योंकि आप जितना कम अमाउंट का लोन लेते हैं, आपका ब्याज सहित ईएमआई उतना ही कम हो जाता है।

## भारतीय शेयर बाजार में रहा सपाट कारोबार, सेंसेक्स 200 अंक पहुंचा, निफ्टी में भी मामूली बढ़त



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 200 से 300 अंक की बढ़ोतरी के साथ ही कारोबार करता रहा। 22 अप्रैल को बीएसई सेंसेक्स 187 अंक बढ़कर 79,595 पर क्लोज हुए हैं। एनएसई निफ्टी 41 अंक चढ़कर 24,167 पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले भी शेयर बाजार में पॉजिटिव ट्रेडिंग रही थी। हालांकि सुबह बाजार की लाल निशान पर शुरुआत हुई थी। जिसके बाद स्टॉक मार्केट में धीरे-धीरे रिकवरी आ गई।

इसका कारण विदेशी बाजार से कमजोर संकेत थे। सुबह अमेरिकी और एशियाई बाजारों के इंडेक्स लाल निशान पर ट्रेड कर रहे थे। हालांकि गिफ्ट निफ्टी में हरियाली थी।

वहीं सुबह से ही Alonkind बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में टॉप गेनर बना हुआ है। इसके शेयर में आज 18 फीसदी की बढ़ोतरी आई है। बीएसई सेंसेक्स में Alonkind के एक शेयर का दाम 19.55 रुपये है।

22 अप्रैल को कौन बने टॉप गेनर्स और लूजर्स- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सेंसेक्स में Alokinds, TI, Emil, Rtnpower, Datapattns टॉप गेनर्स बन चुके हैं। cholafin, indusindbk, aether, justdial, fusion टॉप लूजर्स बन चुके हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में Agritech, Manaksteel, Councodos, Apcl, Rajratan टॉप गेनर्स बन चुके हैं।

इसके साथ ही GNA, Jindrill, Eurote&ind, Afil, Cholafin, ADL टॉप लूजर्स की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

निफ्टी में आईटी सेक्टर में 1 फीसदी की गिरावट के साथ बिकवाली देखी गई है। इसके साथ ही Realty और FMCG 1 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ टॉप गेनर रहें।

## अमेरिका-चीन टैरिफ वार से एयर इंडिया को होगा फायदा, क्या समय से पहले मिलेंगे बोइंग प्लेन?




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी एयर विमान कंपनी बोइंग ने चीन के लिए एयरप्लेन तैयार किए थे। जिसे चीन द्वारा वापस कर दिया गया है। क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर विवाद जारी है। अमेरिका और चीन दोनों ने ही एक-दूसरे पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया है।

इसके बाद दोनों ही देशों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। इस टकराव के चलते अमेरिकी कंपनी बोइंग को बड़ा नुकसान हुआ है। चीन ने अब तक बोइंग द्वारा भेजे गए 737 मैक्स नामक 10 एयरप्लेन की डिलीवरी स्वीकार करने से माना कर दिया है।

इसी बीच टाटा कंपनी एयर इंडिया ने भी बोइंग से 737 मैक्स नामक 9 एयरप्लेन की डिलीवरी के लिए साझेदारी की थी। जिसे जून में पूरा किया जाना था। लेकिन इस विवाद के चलते Bloomberg के अनुसार ये डिलीवरी समय से पहले ही पूरी की जा सकती है।

इसके साथ ही मलेशिया एविएशन ग्रुप बीएचडी भी अमेरिकी विमान कंपनी से बातचीत कर रही है। गौरतलब है कि बोइंग कंपनी अमेरिका में विमान निर्माता की सबसे बड़ी कंपनी है।

ये भी बताया जा रहा है कि इन विमानों को लेकर कुछ पेमेंट पहले ही हो चुकी है। ऐसे में नए खरीदारों को विमान के लेनदेन में दिक्कत आ सकती है।

## कितने पैसों का लेन-देन है सही? क्या कहता है Income Tax का नियम

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस डिजिटल दुनिया में यूपीआई ने लेन-देन और आसान बना दिया है। यूपीआई सर्विस आने से पैसों या कैश की चोरी का डर भी खत्म हो गया है। हालांकि नई तकनीक के अपने फायदे और नुकसान है।

जितनी ज्यादा चीजें आधुनिक होती जा रही है, चोरी और धोखाधड़ी का खतरा उतना बढ़ गया है। इसलिए सरकार ने इन तकनीकी इस्तेमाल को लेकर अलग-अलग नियम तय किए हैं। इसी तरह से धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार रोकने के लिए इनकम टैक्स विभाग द्वारा लेन-देन और पेमेंट को लेकर कुछ नियम तय किए गए हैं।




कितने रुपये की जा सकती है ट्रांसजेक्शन- इनकम टैक्स के सेक्शन 269 ST के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक दिन में 2 लाख रुपये तक ट्रांसजेक्शन कर सकता है।

अगर ट्रांसजेक्शन अमाउंट बताई गई लिमिट से ज्यादा होता है, तो आपको इनकम टैक्स विभाग का खतरा हो सकता है।

इन स्थिति में 2 लाख से ज्यादा ट्रांसजेक्शन नहीं है ठीक - कोई भी व्यक्ति किसी संस्था या दूसरे व्यक्ति को 2 लाख रुपये ज्यादा ट्रांसजेक्शन नहीं कर सकता

एकमुश्त या अलग-अलग ट्रांसजेक्शन पर 2 लाख रुपये से ज्यादा कैश ट्रांजैक्शन पर रोक है। इसके साथ ही इनकम टैक्स में लेन-देन और पेमेंट को लेकर कुछ नियम तय किए गए हैं। जैसे

सेक्शन 40(3) और 43 के तहत कैश पेमेंट को लेकर नियम तय किए गए हैं।

इसके साथ ही सेक्शन 269एस, 269स्स्र के तहत कैश लेन-देन को लेकर नियम बनाए गए हैं।

इनकम टैक्स नोटिस से कैसे बचें- अगर आप इनकम टैक्स के नोटिस से बचना चाहते हैं, तो अपने हर लेन-देन को लेकर ट्रांसपेरेंसी रखना जरूरी है। कोशिश करें कि चाहे कैश हो या यूपीआई हर लेन-देन का आपके पास बिल या कोई सबूत हो। खासकर ऐसी ट्रांसजेक्शन जो बड़े वस्तु या सामान के खरीदने और बेचने पर की जाएं, उसका बिल लेना जरूरी है। ताकि आपको भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

## आरबीआई ने किया बड़ा एलान, अब 10 साल के बच्चे भी कर सकेंगे सेविंग और एफडी अकाउंट ऑपरेट




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की केंद्रीय बैंक यानी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बच्चों के लिए बड़ा कदम उठाया है। बैंक ने ये फैसला इसलिए किया है ताकि बच्चे वित्तीय जिम्मेदारियों को समझ सकें। इसके साथ ही माता-पिता को बच्चों को फ्रीडम देने में आसानी हो।

21 अप्रैल को हुई आरबीआई द्वारा एलान के तहत अब 10 साल या उससे अधिक उम्र बच्चे अपना अकाउंट खुद ऑपरेट कर पाएंगे। इसके साथ ही उसका संचालन भी कर सकेंगे। ये नया नियम देश के सभी बैंक जैसे वाणिज्यिक, घरेलू, फाइनेंशियल संस्था में लागू होगा।

इसके साथ ही आरबीआई ने सभी बैंकों को ये भी निर्देश दिया है कि वित्तीय संबंधित संकट कम करने के लिए बैंकों को खुद से कुछ नियम तय करने होंगे। ये नियम निकासी और जमा राशि को लेकर हो सकते हैं। हर बैंक को इसे लेकर अलग-अलग नियम बनाने की अनुमति दी जाएगी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# दण्डवत परिक्रमा कर कलेक्टर के सामने लेटकर पहुंचे किसान



मैहर। मैहर में मंगलवार को रामनगर से सिंघाड़ा किसान दंडवत करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के इस अनोखे विरोध को देखकर प्रशासनिक अधिकारी हैरान रह गए। अधिकारियों ने तुरंत किसानों से बात की और जल्द मदद का आश्वासन दिया। दरअसल जिले में सिंघाड़ा की खेती करने वाले किसानों की पूरी फसल खराब होने के बाद अन्न को मोहताज हुए विकासखण्ड रामनगर के ग्राम नादो, हर्रई, धनवाही, सुलखामा एवं रमचुआ में स्थित तालाबों में सिंघाड़ा की खेती करने वाले करीब चालीस की संख्या में किसानों ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में दण्डवत जमीन पर लेटकर जनसुनवाई में कलेक्टर के सामने पहुंचे। जहां उन्होने विनष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की और घर परिवार को पालने में रोजी-रोटी को लेकर उपजे संकट की जानकारी देते हुए मुआवजा दिलाने की मांग का अपना शिकायती आवेदन मैहर कलेक्टर रानी बाटड को सौंपा। गौरतलब है कि रामनगर में किसानों की सिंघाड़े की फसल पिछले बरसात के मौसम में बीमारी से नष्ट हो गई थी। जिला प्रशासन ने सर्वे कर सहायता का आश्वासन दिया था। एक साल बीत जाने के बाद भी किसानों को कोई मदद नहीं मिली जिससे नाराज किसानों ने आज कलेक्टर कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रशासन ने लिखा राज्य सरकार को पत्र

मैहर के एडीएम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र में सिंघाड़े की फसल क्षतिपूर्ति सूची में शामिल नहीं है। इस वजह से मुआवजा नहीं दिया जा सका।प्रशासन ने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। मंजूरी मिलते ही किसानों की मदद की जाएगी। खैर, किसानों के शासन व प्रशासन की मद् कब मिल सकेगी।

यह प्रशासन भी नहीं जानता। उल्लेखनीय है कि पूर्व में फसल नुकसान के जांचकर्ता अधिकारियों में अनिल कुमार सिंह उप संचालक उद्यान, नायब तहसीलदार तहसील रामनगर, डॉ. अखिलेश जांगड़े कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड रामनगर सतोष खगार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं अमरेन्द्र कुमार मिश्रा ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी शामिल थे।

80-90 प्रतिशत फसल को पहुंचा था नुकसान सिंघाड़ा की खेती करने वाले किसानों के नुकसान की जांच करने प्रशासन द्वारा कृषि विभाग, कृषि वैज्ञानिक, उद्यानिकी व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने वकासखण्ड रामनगर के ग्राम नादो, हर्रई, धनवाही, सुलखामा एवं रमचुआ में स्थित तालाबों में सिंघाड़ा की खेती करने वाले किसानों की फसल का मुआयना किया था।इस टीम ने मौके पर निरीक्षण जिला प्रशासन को अपनी सौंपी जांच प्रतिवेदन में 80-90 प्रतिशत फसल नुकसान की जानकारी दी थी।

इसमें बताया था कि सिंघाड़ा फसल 80-90 प्रतिशत नष्ट हो चुकी थी। उत्पादन बहुत ही कम मात्रा में प्राप्त होने की उम्मीद है।

इस प्रकार उक्त तालाबों कृषकों को काफी अधिक आर्थिक क्षति हुई है, क्योंकि सिंघाड़ा की फसल से प्रति हेक्टर रू. 2.50 से 3 लाख की आय प्राप्त होती है।

## मध्य प्रदेश में भीषण सड़क हादसा, पुल से नीचे गिरी बोलेरो 8 की मौत, 6 गंभीर रूप से घायल



दमोह। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम सिमरी के समीप महादेव घाट सुनार नदी के पुल पर मंगलवार सुबह भीषण हादसा हो गया। सुबह करीब 11:00 बजे एक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हुई है, जबकि 6 गंभीर घायल हैं।

मरने वालों में एक बच्ची सहित पांच महिलाएं शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि मंगलवार सुबह जबलपुर जिले के कटंगी पौड़ी गांव के समीप के निवासी दो बोलेरो गाड़ियों से दमोह जिले के हिंडोरिया थाना अंतर्गत ग्राम घाटपिपरिया से कैंसर की दवा लेकर लौट रहे थे। इसी बीच सिमरी के पास सुनार नदी के पुल पर एक बोलेरो अनियंत्रित होने से नदी में गिर गई।

## तीखी धूप से चढ़ने लगा पारा, टीकमगढ़ और सीधी में चली हीट वेव

भोपाल। तीखी धूप के चलते समूचा प्रदेश इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में है। रविवार की अपेक्षा सोमवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया। वहीं टीकमगढ़ और सीधी में हीट वेब चली। तीखी धूप की वजह से सड़कें दोपहर में अब सूनी होने लगी हैं। गर्मी के ये तेवर आगे भी जारी रहेंगे। लिहाजा आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। मौसम विज्ञानी अजय ने बताया कि प्रदेश में गर्म हवा उत्तर-पश्चिम से आ रही है। आसमान साफ है। इस कारण सूरज भी आग उगल रहा है।

सोमवार को पचमढ़ी और इंदौर को छोड़कर सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।

मंगलवार को बड़वानी, आलीराजपुर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, सिंगरौली, रीवा, निवाड़ी आदि जिलों में हीटवेव चलने की संभावना जताई गई है।

सिस्टम की बात करें तो एक पश्चिमी विभोक्ष बना हुआ है। राजस्थान से लेकर बांग्लादेश तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है, जो उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है।

24 अप्रैल तक दूसरा पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में वृद्धि होगी।

महानगरों का तापमान शहर अधिकतम -- तापमान
भोपाल -- 40.1 --- 24.6
इंदौर -- 39.6 -- 22.6
ग्वालियर -- 41.9 --- 26.1
जबलपुर -- 40.7 --- 23.7
नोट- तापमान डिग्री सेल्सियस में




## सागर -बीना मार्ग जेरई गांव के पास भीषण हादसा, ट्रक और वैन की भिड़ंत में स्कूटी आई चपेट में, तीन की मौत



सागर। नरयावली रोड पर ग्राम जेरई के पास मंगलवार दोपहर 1 बजे तेज रफ्तार ट्रक और वैन की भिड़ंत हो गई। टक्कर के समय वाहनों की चपेट में स्कूटी सवार भी आ गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा बनाया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम जेरई के पास नए ब्रिज से ट्रक जा रहा था। सामने से आ रही वैन से भिड़ंत हो गई। इसी दौरान स्कूटी सवार ट्रक और वैन की चपेट में आ गया। इसमें स्कूटी सवार युवक की भी मौत हो गई। वहीं वैन में सवार दो लोगों की मौत हुई है। हादसा इतना दर्दनाक था कि वैन और स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। घटनाक्रम की सूचना पर नरयावली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों का पंचनामा बनाने की कार्रवाई की जा रही है। नरयावली थाना प्रभारी कपिल लक्षकार ने बताया कि ट्रक और वैन में टक्कर हुई है। स्कूटी सवार भी दुर्घटना का शिकार हुआ है। घटना में स्कूटी सवार समेत तीन की मौत हुई है। मृतकों की पहचान कार में सवार ग्राम भीलोंन खुरई निवासी नरेंद्र ठाकुर और महादेव ठाकुर और स्कूटर सवार टीकमगढ़ निवासी शुभम दीक्षित के रूप में की गई है। शुभम दीक्षित एएसएफ का आरक्षक बताया जा रहा है। मामले में घटना के कारणों की जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## पोप फ्रांसिस के सम्मान में मध्यप्रदेश में दो दिन का राजकीय शोक,राष्ट्रीय ध्वज रहेगा आधा झुका



भोपाल। कैथोलिक चर्च के प्रमुख और विश्व शांति के प्रतीक पोप फ्रांसिस के निधन पर मध्यप्रदेश में गहरा शोक व्यक्त किया गया है। उनकी स्मृति और योगदान के सम्मान में राज्य सरकार ने दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। 22 और 23 अप्रैल को समूचे प्रदेश में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी शासकीय मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। कैथोलिक समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन पर मध्य प्रदेश सरकार ने दो दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। राज्य सरकार ने यह निर्णय पोप के योगदान और वैश्विक प्रभाव को देखते हुए लिया है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों और कमिश्नरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। पोप फ्रांसिस का निधन सोमवार सुबह 88 वर्ष की उम्र में हुआ। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और बताया जा रहा है कि पिछले महीने उन्हें दोहरे निमोनिया के कारण करीब 38 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था।



# जल जीवन के लिए सोना है, जल ही जीवन का आधार है- मंत्री श्री सिलावट

## मंत्री श्री सिलावट ने अमृत सरोवर भूमि पूजन कार्यक्रम में की सहभागिता

इंदौर। जल संसाधन विभाग एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सोमवार को बुरहानपुर जिले के दौरे पर रहे। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्राम पंचायत असीर में अमृत सरोवर निर्माण कार्य (हिरला के खेत के पास) भूमि पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, अन्य सम्माननीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सुश्री तला शरणागत, अधिकारी-कर्मचारीगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



जल की एक-एक बूंद बचाना अति आवश्यक है- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि, इस अमृत सरोवर निर्माण से क्षेत्र को सिचाई कार्य में सुविधा होगी, वहीं जल स्तर में भी वृद्धि हो सकेगी। उन्होंने ग्रामीणजनों को शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि, जल संरक्षण एवं संवर्धन अति आवश्यक है। जल ही जीवन है। हमें जल की एक-एक बूंद सहजने के लिए मिलकर काम करना है। इस दौरान विधिवत भूमिपूजन भी किया गया।

अभियान से जुड़ने का आव्हान- प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने ग्रामीणजनों से आव्हान किया कि, जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाए, सभी सहभागिता करें, हमारे यह प्रयास इस अभियान को सफल बनाने में कारगर साबित होंगे। उन्होंने उपस्थितजनों को अभियान के तहत श्रमदान करने, स्वच्छता अपनाने व मानसून के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया।

पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले- मंत्री श्री सिलावट ने इस दौरान ग्रामीणजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं निराकरण हेतु आश्वासन दिया। उन्होंने लाड़ली बहनाओं से चर्चा भी की। योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं के संबंध में जानकारी भी ली।

## इंदौर बना प्रदेश का पहला संपूर्ण उद्योग युक्त जिला

इंदौर। इंदौर ज़िले ने प्रदेश में इतिहास रचते हुए ऐसा पहला ज़िला बनने का गौरव प्राप्त किया है, जिसकी सभी पंचायतों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के उद्योग स्थापित हो गए हैं। इस उपलब्धि से न केवल ज़िले का औद्योगिक परिदृश्य सशक्त हुआ है, बल्कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोज़गार के नए अवसर भी मिले हैं। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर इंदौर जिले की शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में उद्योग स्थापना का महत्वाकांक्षी अभियान गत वर्ष अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया गया था । मात्र एक वर्ष की अल्प अवधि में अभियान के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में गत एक वर्ष से लगातार विशेष अभियान चलाकर ज़िले की 160 ऐसी पंचायतें, जहाँ पूर्व में कोई उद्योग नहीं था, उनमें 336 नए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग स्थापित कराए गए। इन उद्योगों में कुल 90 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि से न केवल स्थानीय बेरोज़गारी में कमी आई है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। कलेक्टर श्री सिंह ने इसे आत्मनिर्भर ग्राम की दिशा में एक बड़ी पहल बताया है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि अब जिले में ऐसी कोई पंचायत शेष नहीं है, जहां कोई उद्योग न हो।

इंदौर जिले की शत-प्रतिशत पंचायतों में उद्योग स्थापना- इंदौर जिले में कुल 334 पंचायतें हैं, इनमें पूर्व से 174 पंचायतों में 500 उद्योग स्थापित थे। शेष 160 पंचायतों में किसी भी तरह के उद्योग नहीं थे।

## इंदौर के छह शासकीय परिसरों का होगा कायाकल्प

इंदौर। इंदौर शहर के विकास की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए जिला प्रशासन ने शहर के छह प्रमुख शासकीय परिसरों और संस्थानों के पुनर्घनत्वीकरण की योजना के तहत प्रारंभिक परियोजना का अनुमोदन किया है। आज सोमवार को कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में इन परियोजनाओं के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (पीपीआर) का अनुमोदन किया गया। अब इन्हें अंतिम स्वीकृति हेतु राज्य स्तरीय साधिकार समिति को भेजा जाएगा।

जिन परिसरों का कायाकल्प प्रस्तावित है, उनमें श्री वैष्णव पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, होलकर साइंस कॉलेज, आईटीआई संस्थान, नेहरू नगर और एलआईजी कॉलोनी स्थित आवासीय संकुल तथा एबी रोड का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं।

प्रस्तावित परियोजना के तहत इन संस्थानों और परिसरों की पुरानी और जर्जर इमारतों को हटाकर आधुनिक भवन, इंडोर स्पोर्ट्स हॉल, स्टेडियम, छात्रावास, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

बैठक में बताया गया कि श्री वैष्णव पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की चिन्हित जमीन पर प्रशासकीय भवन, वर्कशॉप, आवासीय भवन, इंडोर स्पोर्ट्स हॉल, छात्रावास, पुराने भवनों का नवीनीकरण तथा स्मार्ट क्लास और लैब बनाए जाएंगे।

# मंत्री श्रीमती उईके एवं श्री चौहान द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया गया शुभारंभ

इंदौर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं आलीराजपुर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान द्वारा आज आलीराजपुर जिले के रेवा सेवा केन्द्र ककराना में मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया । इस दौरान कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर , पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रखर सिंह , सामाजिक श्रीमती नीरू सिह ज्ञानी , नर्मदा समग्र न्यास सचिव श्री करण सिंह कौशिक उपस्थित थे ।



इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि नर्मदा मां से उनका एक भावनात्मक लगाव रहा है। वे सन् 2008 से नर्मदा समग्र न्यास से जुड़ी हैं। सामाजिक और प्राकृतिक समन्वय स्थापित कर सर्वप्रथम मंडला में ही स्व. अनिल माधव दवे जी ने अपने सपनों को मूल रूप देकर नदी एम्बुलेंस की शुरुआत की थी । इसी कड़ी में आलीराजपुर में चलित चिकित्सा यूनिट का शुभारंभ होने से इस क्षेत्र के निवासी के लिए एक वरदान साबित होगा।

## मंत्री श्री पटेल जलगंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल

### ग्राम कावेश्वर में 50 लाख के सामुदायिक भवन की दी सौगात

इंदौर। जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने खंडवा विकासखंड के ग्राम कावेश्वर पहुँचकर शिवजी के मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया। साथ ही महाराज दयालगिरी का आशीर्वाद लेकर उन्हें शॉल श्रीफल भेंट किये तथा उनके द्वारा लगाये गये पौधे और वृक्षारोपण की प्रशंसा की। मंत्री श्री पटेल ने कावेरी उद्गम स्थल में पूजा अर्चना कर श्रीफल अर्पित कर माता को चुनरी चढ़ाकर आशीर्वाद ग्रहण किया और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान भी किया।



कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे संगम चाहे नदियों का हो, चाहे वृक्षों का हो, वो जीवन देता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर प्रकृति की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि वन को बचाना है तो वनवासियों की तरह सोचना होगा। कावेरी के उद्गम स्थल पर आते ही अलग ही उर्जा की अनुभूति होती है। वृक्ष ही जल का स्त्रोत है, वृक्ष अधिक से अधिक लगाएं।

## गाँव स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बने इसके लिए पंच सरपंच बेहतर कार्य करें- मंत्री श्री पटेल




इंदौर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को खण्डवा जिले में पंच सरपंच उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि पंचायतीराज की कल्पना भारत के नागरिक ने ही की थी, जिसे महात्मा गाँधी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, राम मनोहर लोहिया इन तीन भारतीय विचारकों ने भारतीय राजनीति में दिशा देने का कार्य किया। पंचायतीराज की जो सामुदायिक परिकल्पना है जो हमारी परंपराओं और हमारे पंच परमेश्वर में है। हमारी पंचायत व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जो आत्मनिर्भर व स्वाबलंबन हो। महात्मा गाँधी ने कहा था कि समाज व्यवहारिक रूप से होना चाहिए। उन्होंने पंच सरपंचों को कहा कि आप अपने ग्राम पंचायतों के सर्वे-सर्वा हो, यह गांव आपका है। आपको अपने तरीके से सोचना होगा, आपके पास पैसे की कमी नहीं है। लेकिन पैसे का उपयोग कैसे करेंगे यह आपको सोचना होगा जिससे आपका और आपकी ग्राम पंचायतों का भविष्य बेहतर होगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को अपने संसाधनों से आत्मनिर्भर स्वावलंबन बनाना चाहिए। सभी पंचायतों में सामुदायिकता का भाव होना चाहिए और पंचायतों के लिए पाँच वर्ष के लिए कौन-से कार्य करना है यह सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि तालाब, सड़क, बांध बनाने के लिए तकनीकी को ध्यान में रखकर बनाया जाए। पंचायतों में बेहतर रिकॉर्ड रखने का कार्य दूसरी संस्था नहीं कर सकती है। आपने कहा कि नये पंचायत भवन 3 मंजिला बनाये जा रहे हैं, जिसे ग्राम पंचायत द्वारा ही बनाया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटी-छोटी नदियों को जोड़ना पड़ेगा, जिससे नदी नालों में पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह मेरा आठवीं नदी का उद्गम स्थल है, इस बार मैंने संकल्प लिया है कि तीन महीने में मध्य प्रदेश से निकलने वाली नदी का उद्गम होगा वहाँ पर एक बार स्वयं जा कर देखूँगा और कुछ कर सका तो जरूर करूँगा।

# मंत्री श्री सिलावट ने ली समीक्षा बैठक

इंदौर। जल संसाधन विभाग एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सर्किट हाउस बुरहानपुर में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि, जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाए, अभियान से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रमुख गणमान्य नागरिकों, सभी को जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान शासन का महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें सभी की सहभागिता अति-आवश्यक है।

विदित है कि जल संसाधन विभाग मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि, जिन डेमों में सुधार एवं मरम्मत की आवश्कता है, उन्हें शीघ्र ठीक कराए। बारिश के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत विकासखंड खकनार के तहत पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना, बुरहानपुर विकासखंड के तहत भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना एवं बखखारी तालाब इत्यादि के कार्य निर्माणाधीन है। आने वाले समय में क्षेत्र में सिंचाई सुविधा में वृद्धि होगी।



पेयजल प्रबंधन के संबंध में दिये निर्देश- प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने सख्त निर्देश दिये है कि, जिले में पेयजल संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई हो, ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आगामी माहों में पेयजल के लिए समुचित व्यवस्थाएं रहें।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# शा. हाईस्कूल दुधली में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्यू आर कोड्स फिर फ्लोरा गतिविधि का आयोजन किया गया



उज्जैन । मंगलवार को शा. हाईस्कूल दुधली में में ईको क्लब द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्यू आर कोड्स फिर फ्लोरा गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री संजय लालवानी ने पर्यावरण और पेड़ पौधों के महत्व को रेखांकित किया। विज्ञान शिक्षक श्री राजेश मालवीय ने पेड़ों की विशेषताओं की जानकारी दी एवं उनके औषधीय गुणों के बारे में बताया। श्री शुभम भारद्वाज द्वारा क्यू आर कोड बनाने आदि हेतु तकनीकी सहयोग दिया।

प्राचार्य श्री संजय लालवानी ने बताया कि इस गतिविधि अंतर्गत विद्यालय परिसर में पेड़-पौधों की क्यू आर कोडिंग की गई । पेड़-पौधों पर अंकित क्यू आर कोड को मोबाइल से स्कैन करने पर मोबाइल स्क्रीन पर संबंधित पेड़-पौधों की जानकारी प्रदर्शित हो जाती है जिससे विद्यार्थियों को उस पेड़ पौधे के बारे में सरलता से जानकारी मिल जाती है।गतिविधि में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सहभागिता की गई।कार्यक्रम का संचालन श्री दिलीप नवरंग ने किया एवं आभार श्री धर्मेंद्र चौहान ने माना।

# मलहम से कर रहे पंचकोशी यात्रियों का दर्द दूर, जांच के साथ दवाईयां भी दे रहे



उज्जैन। 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पंचकोशी यात्रा के मुख्य पड़ाव करोहन में चिकित्सा सहायता केंद्र के माध्यम से पंचकोशी यात्रियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सहसचिव एमआर मंसूरी ने बताया कि यहां पंचकोशी श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा में बीपी, हीमोग्लोबिन, मलेरिया की जांच कर मेडिसिन वितरण की जा रही है। साथ ही दर्द दूर करने के लिए मलहम दिया जा रहा है। 22 अप्रैल की शाम को निगम सभापति कलावती यादव व ग्राम सरपंच व जन प्रतिनिधियों ने चिकित्सा सहायता सुविधा केंद्र का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं को सराहा। साथ ही पंचकोशी यात्रियों की सेवा पूरे दिल से करने को कहा। एमआर मंसूरी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि मरीज की सेवा करना पहला और आखिरी कर्तव्य है। ऐसे में पंचकोशी यात्रियों की तकलीफ दूर करना पुण्य का कार्य है। पंचकोशी यात्रियों ने भी सेवा पर संतोष जताया तथा चिकित्सा सेवा का लाभ ले रहे हैं। एमआर मंसूरी के अनुसार सहायता केंद्र पर डॉ. शबाना खान, डॉ एकता पाटीदार, महेश नागर, एमएल पटेल, संतोष रायकवार, स्वाति अकोदिया, पुष्पा वर्मा, कुसुम नानेरिया, पूजा नरवरिया, नरेंद्र सोनी, दलपत सिंह कछावा, कमल राव, दिल बहादुर आदि सेवाऐं दे रहे हैं।

## बॉलीवुड सिंगर साधना सरगम द्वारा सम्मानित हुई गायिका अनुभूति शर्मा



उज्जैन। मालवा रंगमंच समिति द्वारा रविंद्र नाटयग्रह, इंदौर में मालवा कला सम्मान समारोह में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका साधना सरगम के कर कमलों से उत्कृष्ट गायकी हेतु उज्जैन की होनहार सुरीली गायिका अनुभूति शर्मा को सम्मानित किया गया । अनुभूति शर्मा ने साधना सरगम के साथ शानदार गीत की प्रस्तुति भी दी । सुरों की इस शाम में साधना सरगम ने अनुभूति शर्मा की गायकी के अंदाज़ की भूरि भूरि प्रशंसा की । अनुभूति शर्मा ने हँसते-हँसते कट जाए रस्ते, क्या मौसम आया है, प्यार के धागे, मैं तेरी मोहब्बत में पागल इत्यादि गीतों को मनमोहक अंदाज़ में प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन ने जीता टीम चैंपियनशिप का खिताब



उज्जैन। मध्य प्रदेश सब जूनियर, जूनियर क्लासिक बालक-बालिका पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में भोपाल कॉरपोरेशन पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल में आयोजित की गई।

उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव व सचिव कमल नंदवाना के संयुक्त नेतृत्व में उज्जैन जिले से 25 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था। संस्था के सहसचिव आनंद सोलंकी एवं अनिल चावंड द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि उक्त चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश से करीब 275 खिलाड़ियों ने भाग लिया था प्रतियोगिता में उज्जैन जिले ने जूनियर वर्ग पुरुष टीम चैंपियनशिप के खिताब पर अपना कब्जा जमाया इसके अतिरिक्त सब जूनियर पुरुष वर्ग मे द्वितीय स्थान पर अपना अधिकार सिद्ध किया। उज्जैन के सीनियर पावरलिफ्टर मयंक जोशी टीम के कोच के रूप में नियुक्त किया गया। चैंपियनशिप में आयुषी चौहान (गोल्ड मेडल), खुशी शर्मा (गोल्ड मेडल), हर्षित जाट (गोल्ड मेडल), सावन लोट (गोल्ड मेडल), मोहम्मद शोएब खान (गोल्ड मेडल), गिरीश नारायणी (सिल्वर मेडल), ऋषिकेश जाधव (सिल्वर मेडल), अभिषेक शर्मा (ब्राउस मेडल), मोहम्मद ग्वालियरवाला (ब्राउस मेडल) प्राप्त किया गया। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर अपने-अपने वर्ग समूह में सफलताएं अर्जित की। इस स्वर्णिम सफलता पर संस्था प्रमुख बलराम यादव, शोएब कुरैशी, अभिषेक सिंह राठौर, अरविंद शुक्ला, अजय जाधव, परवेज मोहम्मद, उमेश पवार, सज्जाद हुसैन, लखन पोरवाल, विकास जादौन आदि द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं बधाइयां दी गई।

# बढ़ते तापमान और गर्मी में स्ट्रीट वेंडर्स को पर्याप्त सुरक्षा दिये जाने की मांग

## अत्यधिक गर्मी से फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को स्वास्थ्य जोखिम, आजीविका भी प्रभावित हो रही

उज्जैन। बढ़ते तापमान और बढ़ती गर्मी के दिनों के साथ, स्ट्रीट वेंडर्स को पर्याप्त सुरक्षा दिये जाने की मांग नेशनल हॉकर्स फेडरेशन ने संभागायुक्त, कलेक्टर, टॉउन वेंडिंग कमेटी अध्यक्ष, नगर निगम आयुक्त से की है।

इस जलवायु आपातकाल को देखते हुए फेडरेशन के संजय सिंह चौहान, कालूराम चौहान, मुबारिक खान, सुरेश माली, राजपाल सोलकी, अर्जुन कहार, मंजूसिह चौहान, श्यामा कहार, सीमा कहार, आरती पांचाल, सावित्रि बामनिया, मामता चौहान आदि ने जलवायु परिवर्तन और हीट वेव के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि यह स्ट्रीट वेंडर्स और शहरी गरीबों के जीवन और आजीविका को प्रभावित कर रहा है। उज्जैन सहित संपूर्ण भारत में हीटवेव दिनों में खतरनाक वृद्धि देखी जा रही है, 2023 में लगभग 30 दिनों को हीटवेव की स्थिति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो एक अभूतपूर्व और असामान्य वृद्धि है। हीटवेव की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता ने गंभीर स्वास्थ्य जोखिम और आर्थिक नुकसान को जन्म दिया है, खासकर देश के 2 करोड़ से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स के लिए जो अत्यधिक परिस्थितियों में बाहर काम करते हैं। स्ट्रीट वेंडर्स को हीटवेव के दौरान दोहरा नुकसान होता है- लंबे समय तक उच्च तापमान के संपर्क में रहने के कारण उनका स्वास्थ्य जोखिम में रहता है, और अत्यधिक गर्मी के कारण उनकी आजीविका प्रभावित होती है, जिससे उन्हें या तो जल्दी बंद करना पड़ता है या ऐसे ग्राहक खोना पड़ता है जो बाहर खरीदारी करने से बचते हैं। कई मामलों में, विक्रेता गर्मी से थकावट, निर्जलीकरण, चक्कर आना और यहाँ तक कि हीट स्ट्रोक की शिकायत करते हैं। इन जोखिमों के बावजूद, स्ट्रीट वेंडर्स के पास अक्सर छाया, पीने के पानी या चिकित्सा सहायता जैसे बुनियादी सुरक्षात्मक बुनियादी ढाँचे की कमी होती है।

हीटवेव खराब होने वाले सामानों को भी प्रभावित करती है, जिससे वित्तीय नुकसान बढ़ता है। ताज़ी उपज, डेयरी और अन्य गर्मी-संवेदनशील वस्तुओं को बेचने वाले विक्रेताओं को विशेष रूप से भारी आर्थिक नुकसान होता है। हीटवेव और स्ट्रीट वेंडर्स पर राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों की आवश्यकता हीटवेव के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, केंद्र सरकार के लिए राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबीएस) को अत्यधिक गर्मी के दौरान स्ट्रीट वेंडर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना महत्वपूर्ण है। इन उपायों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशा-निर्देशों में भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी राज्य और शहर विक्रेता सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन के लिए रणनीतियों को सक्रिय रूप से लागू करें।

टाउन वेंडिंग कमेटियों (टीवीसीएस) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबीएस) को स्ट्रीट वेंडर्स के लिए हीटवेव कार्य योजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उच्च-फुटपाथ वाले वेंडिंग क्षेत्रों में पानी के डिस्पेंसर स्थापित किए जाने चाहिए।

## सहायक श्रम आयुक्त ने श्रमिकों के हित में किया आदेश जारी



उज्जैन। सहायक श्रम आयुक्त से पूर्व कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत ने श्रमिकों के हित में चर्चा की एवं भारतीय मजदूर संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने भी एक ज्ञापन सहायक श्रम आयुक्त को दिया एवं श्रमिकों को तत्काल न्यूनतम वेतन का भुगतान करने और एरियर राशि का भुगतान करने की मांग की गई। उसके तत्काल बाद सहायक श्रम आयुक्त के द्वारा आदेश जारी किया गया एवं विभागों को एवं उद्योग को पत्र लिखा गया हैं एवं आदेश में उल्लेख करते हुवे कहा गया कि अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक का एरियर राशि का भुगतान शासन एवं निजी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभाग में कार्यरत आउटसोर्स,दैनिक वेतन भोगी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com